Request for construction of Four Lane road from Dehrada Tiraha to Bangla Chauraha in Guna, Madhya Pradesh

श्री कृष्णपालसिंह यादव **(गुना):** सभापति महोदय, धन्यवाद। मेरे लोक सभा क्षेत्र गुना के शिवपुरी जिले देहरदा तिराहे से अशोकनगर जिले के बंगला चौराहे तक की दूरी लगभग 110 किलोमीटर है और उक्त मार्ग को फोर लेन करने तथा जिला मुख्यालय अशोकनगर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग जनता द्वारा कई वर्षों से की जा रही है। यह मार्ग फोरलेन होने से शिवपुरी और अशोकनगर के दो राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-3 आगरा-मुम्बई और एनएच-346 दिनारा से बंगला चौराहा होते हुए भोपाल मार्ग से जुड़ जाएंगे। इसके कारण ग्वालियर और दिल्ली से आने वाले वाहनों को भोपाल तक पहुंचने में कम समय लगेगा और ईंधन की भी बचत होगी।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला शिवपुरी में प्रसिद्ध माधव नेशनल पार्क**,** जिला अशोकनगर में प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में प्रसिद्ध जैन तीर्थस्थल थूबोनजी, ईसागढ़ में आनंदपुर ट्रस्ट और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला धाम है। जिला अशोकनगर में ए-क्लास की अनाज मंडी है, जहां पर शरबती गेहूं का काफी उत्पादन होता है और पूरे देश में इसका निर्यात होता है, जिससे व्यापारियों को दूरस्थ जिलों में आना-जाना पड़ता है। अशोकनगर जिले में जनजाति समुदाय के काफी संख्या में ग्राम हैं, जिनके विकास के लिए भी इसको राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ना अनिवार्य है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि ?प्रधान मंत्री गति शक्ति योजना? के तहत देहरदा तिराहा से बंगला चौराहा तक फोर लेन मार्ग का निर्माण किया जाए, जिससे जिला मुख्यालय अशोकनगर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।